दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 25 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-232

# ऐतिहासिक जीत के बाद मोदी ने आडवाणी व जोशी के घर जाकर लिया आर्शीवाद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के घर जाकर उनसे मुलाकात की और उनसे पार्टी को मिली बड़ी जीत पर चर्चा की। मोदी ने इस मुलाकात की एक तस्वीर ट्विटर पर साझा की है और साथ में लिखा है आदरणीय आडवाणी जी के घर जाकर उनसे मुलाकात की।

आज भाजपा की यह सफलता संभव हुई है क्योंकि उन (श्री आडवाणी) जैसे महान लोगों ने पार्टी को बनाने और लोगों के सामने नयी

### राष्ट्रीय अध्यक्ष शाह भी रहे साथ



आदर्शवादी गाथा पेश करने के लिए दशकों मेहनत की है। उल्लेखनीय है कि दोनों नेताओं में वैचारिक मतभेद रहे हैं।

कभी पार्टी के सबसे शक्तिशाली नेताओं में एक रहे श्री आडवाणी ने इस बार लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा और सक्रिय राजनीति से अब लगभग पूरी तरह कट चुके हैं। लालकृष्ण आडवाणी से मिलने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी से मिलने पहुंचे।

उनके साथ भाजपा अध्यक्ष अमित शाह भी मौजूद थे। मुरली मनोहर जोशी की तारीफ करते हुए मोदी ने लिखा, डॉ. मुरली मनोहर जोशी एक विद्वान और बुद्धिजीवी हैं। भारतीय शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने हमेशा बीजेपी को मजबूत करने का काम किया और मेरे सहित कई कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। आज सुबह उनसे मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया।

## एक और उप चुनाव की ओर उत्तर प्रदेश

### » रिक्त हुई विधानसभा सीटों पर होंगे चुनाव

**लखनऊ (आरएनएस)।** केन्द्र में प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में अगले छह महीने के भीतर एक और उपचुनाव होना तय हो गया है।

इस चुनाव में राज्य की योगी मंत्रिमंडल के तीन सदस्यों समेत कुछ छह विधायक निर्वाचित हुये हैं। महिला कल्याण और पर्यटन मंत्री रीता बहुगुणा जोशी इलाहाबाद सीट पर विजयी हुयी है जबकि खादी ग्रामोद्योग, लघु उद्योग, हथकरघा मंत्री सत्यदेव पचौरी कानपुर से चुनाव जीते हैं वहीं पशुधन मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने आगरा संसदीय सीट पर अपना परचम लहराया है। योगी सरकार के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा को हालांकि अंबेडकरनगर में बसपा प्रत्याशी के हाथों हार का सामना करना पड़ा है।

इसके अलावा भाजपा के दो अन्य विधायक उपेंद्र रावत बाराबंकी, संगम लाल गुप्ता प्रतापगढ़ और समाजवादी पार्टी (सपा) के मोहम्मद आजम खां रामपुर से निर्वाचित हुये हैं। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में श्रीमती जोशी लखनऊ की कैंट सीट से चुनी गयी थी जबकि पचौरी कानपुर की गोविंदनगर विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते है। योगी सरकार के पशुधन मंत्री बघेल उत्तर प्रदेश में टूंडला के विधायक है जबकि भाजपा ने बाराबंकी से प्रियंका सिंह रावत का टिकट काटकर जैदपुर से पार्टी विधायक उपेंद्र सिंह रावत को मैदान में उतारा था जिस पर वह खरे उतरे थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रायबरेली में एक लाख से अधिक मतों से जीती सोनिया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी उत्तर प्रदेश के रायबरेली से एक लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत गई हैं। सोनिया के बेटे व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को हालांकि उत्तर प्रदेश के ही अमेठी से हालांकि हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस पार्टी ने 2019 लोकसभा चुनावों में अपनी हार स्वीकार कर ली है। राहुल ने नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी।

### मुंबई की इमारत में आग लगने से जिंदा जली दो महिलाएं

**मुंबई (आरएनएस)।** स्थानीय बोरी मोहल्ले में स्थित एक इमारत में आग लगने से दो महिलाओं की मौत हो गई। बीएमसी आपदा प्रबंधन के अनुसार रात के करीब 10ः20 बजे पर यहां आग लगी। 25 नंबर डब्बू स्ट्रीट पर स्थित पंजाब महल आवासीय इमारत में इलेक्ट्रिकल वायरिंग की वजह से आग लगी और बाद में यह फैल गई। इसके कुछ ही समय बाद दमकल कर्मी 11 लोगों को बचाने में कामयाब रहे। शुक्रवार तड़के करीब 3.30 बजे आग बुझाने के बाद चौथी मंजिल पर दो शव पाए गए। फ्रीडा मास्टर और नफीसा गीतन के रूप में दोनों की पहचान की गई और दोनों की ही उम्र 60 साल है। इस हादसे में दो दमकलकर्मी घायल हो गए और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में ले जाया गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से नजदीक के जेजे अस्पताल में घायलों को उपचार के लिए ले जाया गया।

### माउंट एवरेस्ट फतह कर लौट रही भारतीय पर्वतारोही अंजलि की मौत

**काठमांडू।** माउंट एवरेस्ट पर कल रात एक भारतीय महिला पर्वतारोही अंजलि एस कुलकर्णी की मौत हो गई। मुंबई निवासी अंजिली ने एवरेस्ट फतह कर लिया था। गुरुवार को लौटते समय कैम्प 4 में उनकी तबियत बिगड़ गई और बाद में उनका निधन हो गया। इस क्लाइम्बिंग सीजन में अब तक 13 पर्वतारोहियों की मौत हो चुकी है। थुप्डेन शेरपा के मुताबिक, 55 साल की अंजलि ने पति शरद कुलकर्णी के साथ सुबह माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी की थी। लौटते समय उनका निधन हो गया। पर्यटन विभाग ने बताया कि वे रविंद्र कुमार की अगुआई में एवरेस्ट की चढ़ाई शुरू की थी। उनके दल में कुल 6 लोग थे।

### अपनी मुद्रा को कम आंकने वाले देशों पर अमेरिका लगा सकता है शुल्क

**वाशिंगटन।** अमेरिका डॉलर की तुलना में अपनी मुद्रा को कम आंकने वाले देशों से आयात किए जाने वाले सामानों पर आयात शुल्क लगाने की योजना बना रहा है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय ने एक नोटिस जारी कर बताया कि उसने उन देशों के सामानों पर प्रस्तावित आयात शुल्क लगाने की योजना बनाई है जो डॉलर की तुलना में अपनी मुद्रा को कम आंकते हैं।

### बीपन नदी में नौका पलटने से छह लोगों की मौत, 12 लापता

**गुयांग।** चीन के गुयांग प्रांत की बीपन नदी में एक नौका के पलट जाने से छह लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लोग लापता हो गए। राहत एवं बचाव कार्य में पुलिस, आपातकालीन सेवा विभाग के अधिकारी, परिवहन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जुटे हुये हैं और लापता लोगों तलाश की जा रही है। नदी से नाव को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। नौका पलटने के समय उसमें 29 लोग सवार थे। बीपन नदी में स्थानीय समयानुसार शाम साढ़े छह बजे एक नौका पलट गयी थी। इस हादसे में अब तक 11 लोगों को बचाया जा चुका है।

## प्रज्ञा ने दिग्गी को साढ़े तीन लाख मतों से हराया

**भोपाल (आरएनएस)।** देश की हाईप्रोफाइल संसदीय सीट में शामिल भोपाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लगभग साढ़े तीन लाख मतों से शिकस्त देकर सीट पर पार्टी का कब्जा बरकरार रखा।

भाजपा प्रत्याशी को लगभग आठ लाख तीस हजार वोट हासिल हुए हैं। वहीं श्री सिंह को चार लाख अस्सी हजार से अधिक मतों पर संतोष करना पड़ा। इस सीट पर पिछले तीस वर्षों से भाजपा विजय होती आयी है। वर्ष 2004 के चुनाव में यहां से भाजपा के आलोक संजर ने विजय पताका फहरायी थी। श्री सिंह की परंपरागत सीट राजगढ़ है, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व और वरिष्ठ पार्टी नेताओं के आदेश पर उन्होंने भोपाल



संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती स्वीकार की थी। वहीं भाजपा ने काफी मंथन के बाद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को अपना उम्मीदवार बनाया। श्री सिंह राज्य में वर्ष 1993 से 2003 तक मुख्यमंत्री भी रहे। उनका गृह नगर राघौगढ़, गुना जिले में आता है। हालाकि राघौगढ़, राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के अधीन है।

## इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने दी मोदी को बधाई

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी को बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दूसरे कार्यकाल के लिए सत्ता बरकरार रखने में कामयाब हुई है। नेतन्याहू ने अपनी महान दोस्ती और संबंधों को मजबूत करने की कसम खाई। उन्होंने हिब्रू भाषा में ट्वीट कर कहा, चुनावों में शानदार जीत दर्ज करने के लिए मेरे मित्र नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, आपका नेतृत्व और जिस तरह से आप दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करते हैं उसका सत्यापन यह चुनाव परिणाम है।

## बीकेटी में भीषण सड़क हादसा, एक की मौत 3 घायल

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र में एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर हाइवे से नीचे आकर पलट गई इस हादसे में एक युवक की मौके पर पर ही मौत हो गई। जबकि तीन व्यक्ति घायल हो गए। राहगीरों ने सभी को सौ सैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डॉक्टरों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर पूरे मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, घटना बीकेटी थाना क्षेत्र की है। एसआई कुलदीप यादव के अनुसार गुरुवार को दोपहर करीब 12ः30 बजे सौ सैय्या अस्पताल द्वारा थाना बीकेटी पर एक मेमो भेजा गया कि बुधवार रात्रि को एनएच -24 हाईवे वाहन द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 20 वर्ष को मृत अवस्था में इस अस्पताल में लाया गया । इस सूचना पर एसआई मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक सत्यप्रकाश (20) निवासी सालेहनगर थाना माल लखनऊ की शिनाख्त उसके भाई शनि प्रकाश ने अपने भाई के रुप में की है। रात्रि को पिकप गाडी पर 3 अन्य व्यक्तियों के साथ बैठकर सीतापुर की तरफ से लखनऊ आ रहे थे कि डिगोई गांव बीकेटी के पास पिकप गाड़ी अनियन्त्रित होकर हाईवे से नीचे आ गयी।

जिससे पिकप सवार चारो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिनको उपचार हेतु सौ सैय्या अस्ताल ले जाया गया। जहां पर डाक्टरो सत्यप्रकाश को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक सत्यप्रकाश अविवाहित था।

## यूपी लोकसभा चुनावों में हार के बाद प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर ने की इस्तीफे की पेशकश



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष राज बब्बर ने इस्तीफे की पेशकश की है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी को अपना इस्तीफा भेजा है। यूपी के फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस के उम्मीदवार राज बब्बर को हार का सामना करना पड़ा। बीजेपी के उम्मीदवार राजकुमार चाहर ने राज बब्बर से तीन लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की।

बीजेपी को यूपी में 80 में से 62 सीटें मिली हैं। इसके अलावा बसपा ने 10, सपा ने पांच, अपना दल-सोनेलाल ने दो और कांग्रेस ने एक सीट जीती हैं। कांग्रेस को यूपी में जो एक सीट मिली है, वह रायबरेली से संप्रग अध्यक्ष और कांग्रेस की पूर्व प्रमुख सोनिया गांधी ने जीती है।

बता दें इससे पहले लोकसभा चुनाव 2019 में मिली हार के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूपीए की चैयरपर्सन सोनिया गांधी के सामने अध्यक्ष पद से इस्तीफे की पेशकश की।

## मोदी की जीत के बाद मोस्ट वांटेड आतंकी जाकिर मूसा ढेर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में लोकसभा चुनाव की मतगणना के बीच कश्मीर घाटी में सेना ने आतंकियों के खिलाफ एक बेहद बड़ी कार्रवाई की है। जम्मू कश्मीर के पुलवामा के त्राल में सुरक्षाबलों ने अलकायदा के कथित आतंकी जाकिर मूसा को मार गिराया। आतंकी संगठन अंसार गजावत-उल-हिंद के चीफ जाकिर मूसा को पुलवामा के उसी इलाके में मार गिराया गया है, जहां साल 2016 में सेना ने हिज्बुल के कमांडर बुरहान



वानी को ढेर किया था। उसके शव को भी बरामद कर लिया गया। मौके से एके-47 राइफल और एक रॉकेट लॉन्चर भी जब्त किया है। मूसा बुरहान वानी की मौत के बाद हिजबुल का कमांडर बना था। बाद में उसने कश्मीर में अल-कायदा से जुड़ा संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद शुरू किया था। कश्मीर घाटी में सेना को गुरुवार दोपहर पुलवामा के त्राल में जाकिर मूसा के मौजूद होने की जानकारी मिली थी। इस सूचना पर सेना की 42 राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने यहां पर बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

इस दौरान जाकिर मूसा के ठिकाने की घेराबंदी कर सेना के अधिकारियों ने उसे सरेंडर करने के लिए कहा, खुद को घिरता देख आतंकियों ने सैनिकों पर फायरिंग की। जिसपर मूसा ने सेना के अधिकारियों पर ग्रेनेड हमला कर भागने की कोशिश की। हालांकि, जवाबी कार्रवाई में मूसा मारा गया। इलाके में कुछ और आतंकियों के छिपे होने की जानकारी के बाद सेना की कुछ और टुकड़ियां भेजी गई हैं। फिलहाल अफवाहें रोकने के लिए पुलवामा और पास स्थित अवंतिपोरा में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

## विश्वभर के मीडिया में छाए लोकसभा चुनाव परिणाम

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के परिणाम पूरे विश्वभर के मीडिया में छा गएहैं। अमेरिका में प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों में चुनावी रुझानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आसान जीत बताया है। दूसरी ओर एक वेबसाइट्स में कहा गया है कि बहुमत के लिए जरूरी 272 वाली भारतीय लोकसभा में भाजपा 292 के आसपास सीटें लेने जा रही है। वेबसाइट ने मोदी को हिंदू राष्ट्रवादी बताया है जो कुछ महीने पहले आर्थिक मोर्चे पर संघर्ष करते नजर आ रहे थे।

### दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मोदी की वापसी - वाल स्ट्रीट जर्नल

अमेरिका से प्रकाशित होने वाले वाल स्ट्रीट जर्नल की वेबसाइट ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र व सबसे बड़े चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वापसी सुनिश्चित बताया है। वेबसाइट का कहना है कि 50 करोड़ मतदाताओं ने अगले पांच सालों के लिए मोदी पर पुनः भरोसा जताया लगता है।

### मोदी अपने दम पर बहुमत पार - बीबीसी लंदन

बीबीसी लंदन की हिंदी वेबसाइट पर मोदी अपने दम बहुमत पार के शीर्षक से समाचार चला रहा है। वेबसाइट ने अपने हेडर पर पूरे राजग की फोटो प्रकाशित की है और एनडीए को 340, यूपीए को 87 और अन्यों के खाते में 115 सीटों के रुझान दिखा रहा है।

### भारतीय शेयर बाजार 40 हजार का आंकड़ा पार - दी डॉन पाकिस्तान

पाकिस्तान से प्रकाशित दी डॉन अखबार की वेबसाइट ने मोदी की वापसी में भारतीय स्टाक एक्सचेंज के 40 हजार के आंकड़े के पार करने को मुख्य खबर बनाया है और इसमें बताया है कि कांग्रेस के सामने अपना 2014 का रिकार्ड दोहराने का भी संकट पड़ सकता है।

## आतंकियों की मौत के बाद कश्मीर में रेल सेवा स्थगित

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी संगठन अंसार गजवातुल हिंद के सरगना जाकिर मूसा समेत दो आतंकवादियों की मौत के बाद कश्मीर घाटी में सुरक्षा कारणों से ट्रेन सेवाएं स्थगित कर दी गयी।

कल रात कश्मीर घाटी में सभी ट्रेनों का परिचालन स्थगित करने का परामर्श मिला। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण कश्मीर के बडगाम-श्रीनगर-अनंतनाग-काजीगुंड से जम्मू क्षेत्र के बनिहाल तक कोई ट्रेनों नहीं




चलेगी। उत्तर कश्मीर में श्रीनगर-बडगाम-बारामूला मार्ग में भी कोई ट्रेन नहीं चलेगी।

रेलवे के अधिकारी स्थानीय प्रशासन विशेष तौर पर पुलिस की सलाह पर काम करते हैं। पुलिस ने यात्रियों और रेलवे की संपत्ति की सुरक्षा को ध्यान में रखकर ट्रेन सेवा स्थगित करने का निर्णय लिया है। अतीत में विरोध-प्रदर्शनों के कारण ट्रेन, रेलवे स्टेशन और लाइटिंग सिस्टम को खासा नुकसान हो चुका है।

गौरतलब है कि जाकिर मूसा समेत दो आतंकवादी पुलवामा के दादसर त्राल में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये। प्रशासन ने शुक्रवार तथा शनिवार को कश्मीर घाटी में एहतियातन सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने तथा मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को स्थगित रखने की घोषणा की है।

## मोदी की जीत भारत-अमेरिकी साझेदारी के लिए बेहतर : डोनाल्ड ट्रंप



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शानदार जीत के बाद दुनियाभर से बधाइयां मिल रही हैं। अमेरिका के राष्टपति डॉनल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी और बीजेपी को जीत की बधाई दी। ट्रंप ने कहा है कि मोदी की जीत भारत-अमेरिकी साझेदारी के लिए बेहतर है। ट्रंप ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी बीजेपी को चुनाव में बड़ी जीत के लिए बधाई। प्रधानमंत्री मोदी की वापसी से भारत और अमेरिकी साझेदारी के लिए बहुत कुछ अच्छा होने वाला है। मैं हमारे महत्वपूर्ण काम जारी रखने का इच्छुक हूं। अमेरिका के शीर्ष सांसदों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भव्य जीत पर उन्हें बधाई देते हुई भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत करने की दिशा में एकसाथ काम करने की इच्छा जाहिर की। शक्तिशाली सीनेट इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष सीनेटर मार्क वार्नर ने कहा, सीनेट इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष होने के नाते में आज भारतीय लोगों को ऐतिहासिक चुनाव के लिए शुभकामनाएं देता हूं...इतिहास के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनाव। सांसद टॉम सौउजी ने कहा कि भारत और अमेरिका के लिए अगले 50 वर्ष काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं। सौउजी ने कहा, दोबारा चुने जाने पर प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं कई विश्व नेताओं ने मोदी को आम चुनावों में उनकी शानदार जीत पर बधाई दी और उनके साथ द्विपक्षीय बातचीत करने का संकल्प भी लिया।